Published Date:	March 28th, 2023	Publication:	Prabhat Khabar
Edition:	Kolkata	Page No:	12
Headline:	L&T Finance launches customer-facing two-wheeler loan journey powered by PLANET app		

एलएंडटी फाइनेंस ने प्लैनेट ऐप के माध्यम से टू-व्हीलर लोन की शुरुआत की

कोलकाता. एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग लिमिटेड की सहायक कंपनी और प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड ने पर्सनलाइज्ड लेंडिंग एंड असिस्टेड नेटवर्क्स (प्लैनेट) के माध्यम से टू-व्हीलर लोन की शुरुआत की है. इस प्रक्रिया के जरिये ग्राहक पांच चरणों में टू-व्हीलर वाहन के लिए लोन ले सकते हैं. इस यात्रा के एक हिस्से के रूप में, ग्राहक अपनी पसंद के नये टू-व्हीलर वाहन का चयन कर सकते हैं, दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं और नो योर कस्टमर (केवाइसी) प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं. इस ऐप के जरिये ग्राहक अपने घर की सुविधा के हिसाब से टेस्ट ड्राइव बुक कर सकते हैं और चुने हुए टू- व्हीलर वाहन की होम डिलीवरी भी प्राप्त कर सकते हैं. इस संबंध में एलएंडटी फाइनेंस के प्रबंध निदेशक और सीइओ दीनानाथ दुभाषी ने कहा कि यह ऐप पहले ही 2.5 मिलियन से अधिक डाउनलोड को पार कर चुका है और गूगल प्ले स्टोर पर इसे 4.5 स्टार रेटिंग भी मिली हुई है.